आधारभूत पशुपालन सांख्यिकी 2024

स्रोत: पी.आई.बी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय** ने राष्ट्रीय दुग्ध दिवस **(26 नवंबर)** के अवसर पर **आधारभूत पशुपालन सांख्यिकी 2024 (BAHS)** को जारी किया।

- **यह रिपोर्ट** एकीकृत नमूना सर्वेक्षण (ISS) **के मार्च 2023 से फरवरी 2024** के परिणामों पर आधारित है एवं इसमें **दूध, अंडे, मांस तथा ऊन** जैसे प्रमुख पशुधन उत्पादों के रुझान को दर्शाया गया है।
  - ISS पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक एवं बड़े पैमाने का सर्वेक्षण है।
  - इसके तहत देश भर के 15% गाँवों को कवर किया जाता है जिसमें पशुधन संख्या के साथ दूध, मांस, ऊन एवं अंडे सहित प्रमुख उत्पादों के उत्पादन के आँकड़ों को शामिल किया जाता है।

नोट: राष्ट्रीय दुग्ध दिवस वर्गीज कुरियन (जिन्होंने श्वेत क्रांति के माध्यम से भारत को दूध उत्पादन **में आत्मनिर्भर** बनाया) की जयंती पर मनाया जाता है।

BAHS 2024 की मुख्य विशेषताएं क्या हैं?

- **दूध उत्पादन: वर्ष 2023-24 में** भारत का कुल दूध उत्पादन **239.30 मिलियन टन** (जो वर्ष 2022-23 की तुलना में **3.78% की वृद्धि** दर्शाता है) अनुमानित है।
  - भारत **विश्व स्तर पर दूध का सबसे बड़ा** उत्पादक है। इसके **शीर्ष 3** उत्पादक राज्यों में **उत्तर प्रदेश,** राजस्थान तथा मध्य प्रदेश शामिल हैं।
  - प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता वर्ष 2022-23 के **459 ग्राम प्रतिदिन** से बढ़कर वर्ष 2023-24 में **471 ग्राम प्रतिदिन** रहना अनुमानित है।
- **अंडा उत्पादन: वर्ष 2023-24 में** कुल अंडा उत्पादन **142.77 बिलियन (**जो वर्ष 2022-23 से **3.18% अधिक** है) अनुमानित है**।**
  - अंडा उत्पादन में भारत **विश्व स्तर पर दूसरे स्थान पर है। इसके शीर्ष 3** उत्पादक राज्य **आंध्र प्रदेश,** तमिलनाडु और तेलंगाना हैं।
- **मांस उत्पादन: वर्ष 2023-24 में** भारत का कुल मांस उत्पादन **10.25 मिलियन टन (**जो वर्ष 2022-23 की तुलना में **4.95% की वृद्धि दर्शाता है)** अनुमानित है।
  - **इसके शीर्ष 3 उत्पादक राज्य पश्चिम बंगाल,** उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र हैं।
- **ऊन उत्पादन: वर्ष 2023-24** में भारत का कुल ऊन उत्पादन **33.69 मिलियन किलोग्राम (**जो पिछले वर्ष की तुलना में **0.22% की वृद्धि दर्शाता है)** अनुमानित है**।**
  - **इसके शीर्ष 3** उत्पादक राज्य **राजस्थान,** जम्मू और कश्मीर एवं गुजरात हैं।
- **पशुधन वृद्धि:** वर्ष 2014-15 से 2022-23 तक यह क्षेत्र **7.38%** (स्थिर मूल्यों पर) की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (CAGR) से बढ़ा है।
  - कृषि में पशुधन की **सकल मूल्यवर्द्धित (GVA)** हिस्सेदारी **24.32% (वर्ष 2014-15)** से बढ़कर 30.38 **% (वर्ष 2022-23) हो गई।**
  - वर्तमान में मवेशियों की संख्या पर अद्यतन आँकड़े उपलब्ध कराने के लिये 21वीं पशुधन गणना चल रही है।

21 वीं पशुधन गणना

- **हाल ही में मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय** द्वारा 21**वीं पशुधन गणना** शुरू की गई।
  - देश भर में **पालतू पशुओं, मुर्गियों एवं आवारा पशुओं** की संख्या पर आँकड़े एकत्र करने के क्रम में **प्रत्येक पाँच वर्षों** में यह गणना की जाती है।

- **वर्ष 1919 से अब तक** कुल **20 पशुधन गणनाएँ** हो चुकी हैं। **20वीं गणना वर्ष 2019** में की गई।

- **डेटा संग्रहण:** डेटा में पशुओं की **प्रजाति, नस्ल, आयु, लिंग** एवं **स्वामित्व स्थिति के बारे** में जानकारी शामिल की जाती है।
- **गणना में शामिल पशु:**
  - **पशु:** इस गणना में **16 पशु प्रजातियों** (जिनमें **मवेशी, भैंस, मिथुन, याक, भेड़, बकरी, सुअर, ऊँट, घोड़ा, छोटा घोड़ा, खच्चर, गधा, कुत्ता, खरगोश और हाथी शामिल हैं**) को शामिल किया जाएगा।
    - **ICAR-राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (NBAGR)** द्वारा मान्यता प्राप्त **219 देशी नस्लों** को इसमें शामिल किया जाएगा।
  - **पोल्ट्री पक्षी:** इस गणना में **पोल्ट्री पक्षियों** (जिनमें **मुर्गियाँ, चिकन, बत्तख, टर्की, गीज़, बटेर, शुतुरमुर्ग और इमू शामिल हैं**) की भी गणना की जाएगी।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

??????????

प्रश्न: एन.एस.एस.ओ. के 70वें चक्र द्वारा संचालित "कृषक-कुटुंबों की स्थिति आकलन सर्वेक्षण" के अनुसार निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2018)

1. राजस्थान में ग्रामीण कुटुम्बों में कृषि कुटुंबों का प्रतिशत सर्वाधिक है।
2. देश के कुल कृषि कुटुंबों में 60% से कुछ अधिक ओ.बी.सी. के हैं।
3. केरल में 60% से कुछ अधिक कृषि कुटुंबों ने यह सूचना दी कि उन्होंने अधिकतम आय गैर कृषि स्रोतों से प्राप्त की है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 2 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर: C

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/basic-animal-husbandry-statistics-2024